हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live &
dkunews24

वर्ष : 01 अंक–118 : जौनपुर, गुरुवार 05 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## 'आइए साथ मिलकर बनाएं नए भारत का नया उत्तर प्रदेश' –सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश के विकास में सहयात्री बनने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के बैंकिंग और वित्तीय जगत का आह्वान किया है। नए भारत के 'ग्रोथ इंजन' उत्तर प्रदेश को +1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के बड़े लक्ष्य के साथ दो दिवसीय दौरे पर मुंबई पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ गुरुवार को बैंकिंग जगत के दिग्गजों की बैठक हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें संबोधित किया और कहा कि मुझे पता है कि आप सभी न केवल अपने बैंक पर नजर रखते हैं बल्कि हमारे उत्तर प्रदेश पर भी आपकी नजर है। आप वहां की हर खबर रखते हैं। आप हमारी विकास यात्रा के साक्षी भी हैं और सहभागी भी। उत्तर प्रदेश आकार में भारत का चौथा सबसे बड़ा राज्य है। सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य के साथ–साथ हम सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाले प्रदेश हैं। यह युवा हमारी ताकत है, हमारी पूंजी है। यहां की उर्वर भूमि हमारे प्रदेश की समृद्धि का अहम साधन है। 2017 में जब हमारी सरकार बनी तब प्रदेश की माली हालत बहुत खराब थी। हमने कुछ योजनाएं बनाईं, बैंकों को फोन किया, लेकिन क्रेडिट इतनी खराब थी कि बैंकों ने रिस्पॉन्स नहीं दिया। आज यह बताते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है कि तब और अब के यूपी में सब बदल गया है। आज हम रेवेन्यू सरप्लस स्टेट हैं। हमने अपने वार्षिक बजट को दोगुने से ज्यादा तक विस्तार दिया है। बीते 05–06 वर्षो के भीतर उत्तर प्रदेश सरकार वायु, जल, सड़क एवं रेल नेटवर्क के माध्यम से बेहतर कनेक्टिविटी के लिए त्वरित गति से बुनियादी ढांचे का विकास कर रही है, जिससे उद्योगों को वैश्विक एवं घरेलू बाजार तक पहुंच बनाने में लॉजिस्टिक्स की सुलभता में वृद्धि होगी। आज पूर्वी यूपी के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे है तो पिछड़े कहे जाने वाले बुंदेलखंड की तरक्की को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे रफ्तार दे रहा है। पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र को जोड़ने के लिए हम प्रयागराज से मेरठ तक गंगा एक्सप्रेसवे बना रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश में 'एक्सप्रेसवे राज्य' के रूप विश्वस्तरीय रोड कनेक्टिविटी की उपलब्धता है। उत्तर प्रदेश 05 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला देश का एकमात्र राज्य बनने जा रहा है। हम लैंड लॉक स्टेट थे लेकिन अब यहां देश का पहला अंतर्देशीय जलमार्ग (इनलैंड वॉटर–वे), विकसित हो गया है। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क उत्तर प्रदेश मे है। विकास और बदलाव के यह काम बिना बैंकों/वित्तीय संस्थानों के सहयोग के संभव नहीं था। आपने हमारा सहयोग किया, देखिए, उत्तर प्रदेश बदल गया। प्रवासी श्रमिकों की स्किल मैपिंग कराई मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कोरोना काल में जब प्रवासी श्रमिक आये तो लोगों ने हमसे कहा, इनको बुला रहे हैं, यह करेंगे क्या? हमने सबकी स्किल मैपिंग कराई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से हमने प्रदेश के परंपरागत उद्यम की भी मैपिंग की और उस अनुसार कार्यक्रम बनाये तो आज 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं जो करोड़ों युवाओं के सेवायोजन का माध्यम बनी हैं। एक जिला एक उत्पाद की जो हमारी अभिनव योजना है। हर जिले का अपना यूनिक उत्पाद है, हम उसकी ब्रांडिंग, मार्केटिंग कर रहे हैं। यह योजना हमें अपने निर्यात को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है। उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य है तो हमारे सामने चुनौतियां भी बहुत हैं। ये चुनौतियां हमें अपने लिए बड़े लक्ष्य तय करने और कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित करती है। कोविड के लिए हमारी प्रबंधन नीति को विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित अनेक वैश्विक संस्थाओं ने सराहा



है। तमाम चुनौतियों के बाद भी उत्तर प्रदेश आज पॉवर सरप्लस और रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में अपने बड़े लक्ष्यों के साथ लगातार आगे बढ़ रहा है। हम राज्य में अनेक औद्योगिक परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य के साथ स्थापित हो रहे दो डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में से एक का विकास उतर प्रदेश में किया जा रहा है। पहले के उत्तर प्रदेश में बेटियां शाम होने के बाद घर से बाहर नहीं निकलती थीं, असुरक्षा का माहौल था। आज मैं पूरी जिम्मेदारी से कह सकता हूँ कि उत्तर प्रदेश में किसी बेटी को कोई बुरी नजर से देख नहीं सकता। हमने ऐसा माहौल बनाया है कि आज उत्तर प्रदेश में किसी व्यापारी या कॉन्ट्रैक्टर से कोई गुंडा टैक्स नहीं वसूल सकता। यहां तक कि पॉलिटिकल चंदा भी जबरन नहीं लिया जा सकता। हमने एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाया। माफियाओं के अवैध कब्जे से भूमि खाली कराई। आज डिफेंस कॉरीडोर इसी भूमि पर बन रहा है। जेवर एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। आपने भट्टा–परसौल कांड सुना होगा। जमीन के लिए कितना विवाद हुआ! आज उसी भूमि पर वही किसान स्वेच्छा से एयरपोर्ट के लिए हमें भूमि दे रहे हैं। 'यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा' मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री मोदी के 05 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य की पूर्ति में अपने लिए 1 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य आपके सहयोग से ही पूरा होगा। मैं आज आप सभी से यह कहने आया हूँ कि उत्तर प्रदेश में हम आपको हर संभव सहायता देंगे। हर से संसाधन देंगे। बेहतर माहौल देंगे। बैंकिंग संस्थाएं हमारी एमएसएमई इकाइयों, कृषि, एफपीओ, स्टार्टअप आदि को मजबूत बनाने के लिए हमें सहयोग दें। पर्यटन भी एक प्राथमिक सेक्टर है, जिसके विकास में बैंकों का सहयोग अपेक्षित है। हमारी सरकार आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रामायण सर्किट, महाभारत सर्किट, बौद्ध सर्किट का विकास कर रही है। प्रधानमंत्री जी के विजन का साकार रूप भव्य काशी ने सभी को आनंदित किया है। दिव्य अयोध्या सपना भी पूरा हो रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे के निकट राज्य का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क का शुभारंभ किया गया है। इसी प्रकार यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में फिल्म सिटी, टॉय पार्क, अपैरल पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं। अन्य परियोजनाओं में ग्रेटर नोएडा में आईआईटी जीएनएल, बरेली में मेगा फूड पार्क, उन्नाव में ट्रांसगंगा सिटी, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क, गोरखपुर में गारमेंट पार्क तथा अनेक फ्लैटेड फैक्ट्री परिसरों को विकसित किया जा रहा है। हमने अपनी नीतियों में संरचनात्मक परिवर्तन करके एक प्रतिस्पर्धी, आकर्षक एवं सहायक प्रोत्साहन ढांचा प्रदान किया है। नई औद्योगिक नीति एक विकल्प आधारित मॉडल प्रदान करती हैं, जो उत्पादन, रोजगार एवं निर्यात को प्रोत्साहित करती है। सर्कुलर इकोनॉमी, इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स तथा ग्रीन हाइड्रोजन सहित नए क्षेत्रों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। हमने सीडी रेशियो को 40 से बढ़ाकर 53: तक करने में सफलता पाई है, अब इसे 60: तक लाने में बैंकों को ठोस कोशिश करना होगा। हम अपनी ओर से हर तरह का योगदान करने को तत्पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश को देश के 'ग्रोथ इंजन' की सामर्थ्य वाला राज्य कहा है। हम अपनी इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए तैयार है। आपके सहयोग से उत्तर प्रदेश लीडर स्टेट होगा। मैं आप सभी को हमारे राज्य विद्यमान अपार अवसरों का लाभ उठाने तथा नए भारत को समृद्ध एवं शक्तिशाली बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश की प्रगति यात्रा में हमारे साथ सहयात्री बनने के लिए उत्तर प्रदेश में आपको आमंत्रित करता हूं।

## जनवरी से दिसम्बर तक 01 वर्ष हेतु निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का लिया गया निर्णय –जिला पूर्ति अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि जनपद–जौनपुर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय योजना के कुल 125472 राशनकार्ड/419620 यूनिट एवं पात्र गृहस्थी योजना के अन्तर्गत कुल 682293 राशनकार्ड/3073053 यूनिट (कुल 807765 राशनकार्ड/3492673 यूनिट) को पात्रता सूची में सम्मिलित किया गया है। भारत सरकार द्वारा, योजनान्तर्गत गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, एनएफएसए में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह जनवरी 2023 से माह दिसम्बर 2023 तक, 01 वर्ष हेतु निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है। माह–जनवरी, 2023 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अन्तर्गत माह–नवम्बर, 2022 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का, निःशुल्क वितरण दिनांक–06.01.2023 से 16.01.2023 तक के मध्य किया जायेगा। उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (14 किग्रा0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिट (02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा० चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। उक्त योजनान्तर्गत खाद्यान्न के वितरण की अंतिम तिथि 16 जनवरी 2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार लाभार्थियों/राशनकार्डधारकों में खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में इसकी सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

## दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ का प्रधानमंत्री को पत्रक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ जौनपुर के अध्यक्ष जितेंद्र नाथ उपाध्याय व मंत्री अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मांग किया कि देश के प्रत्येक नागरिक को संविधान,कानून का ज्ञान देने के लिए कानून के अधिकार की अवधारणा को संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार का दर्जा दिया जाये आज हजारों–हजार कानून, अनुच्छेद, धाराएं एवं प्रावधान के उपरांत भी समाज अनियंत्रित है। क्योंकि जिनके लिए यह सब बना, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।प्रत्येक वर्ग,प्रत्येक समुदाय ,प्रत्येक स्थान ,प्रत्येक काल में संविधान अथवा कानून का अधिकार उपयोगी है तथा उपयोगी रहेगा। इसलिए संविधान,नियम–कानून एवं अनुशासन का ज्ञान यानी कानून का अधिकार, आदर्श मानव तथा आदर्श नागरिकता के लिए परम आवश्यक मुद्दा है। विदित हो की विकास तिवारी अधिवक्ता दीवानी न्यायालय की अगुवाई में अधिवक्ताओं का एक समूह विगत दिनों अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष को ज्ञापन देकर मांग किया था कि देश के प्रत्येक नागरिकों को कानून का ज्ञान हो इसलिए कानून के अधिकार विषयक अवधारणा को संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार का दर्जा दिलाने में सहयोग प्रदान किया जाये। इस जनअभियान के संदर्भ में अधिवक्ता विकास तिवारी का कहना है की ' कानून का ज्ञान ' आदर्श नागरिकता के स्थान पर वर्तमान समय में कुछ लोगों के व्यवहार एवं उनके व्यक्तिगत क्रियाकलापों में सिमटकर रह गई है।आज सामाजिक ढाँचे में रूपांतरण की प्रक्रिया व्यक्ति के अधिकारों के वर्चस्व तक सीमित है । कर्तव्य ' गौण ' हो गए हैं । देखा जाए तो विकास अथवा प्रगति भी आज अधिकार एवं कर्तव्य – बोध की अज्ञानता के कारण सांसारिक परंपराओं से भिन्न होती हुई भौतिकता एवं स्वार्थयुक्त जीवन शैली के संयुक्त जाल में लिपटती जा रही है । व्यवहार जगत् अतिस्वार्थवाद के कारण विकृतिपूर्ण होकर रह गया है । सामान्य नागरिक में राष्ट्र के प्रति ' कर्तव्य – बोध का सृजन ' भी रुक



सा गया है । भ्रष्टाचार एवं अनीति आज उच्चता या सफलता प्राप्त करने के संसाधन के रूप में स्थापित होते चले गए हैं । स्थापित सांस्कृतिक नियमों की अवहेलना के साथ समाज द्रोह एवं पापाचार जैसे अवगुणों से संपन्न लोगों द्वारा न्यायिक प्रक्रिया और प्रशासकीय अभिकरण को तोड़ – मरोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है । इन्हीं क्रियाकलापों के मध्य भ्रष्टाचार के नए मानक स्वत : स्थापित होते चले जा रहे हैं । इस प्रकार सामाजिक स्वरूप में आई विकृतियों को सुधारने हेतु आम नागरिकों को उनके ' कर्तव्य एवं अधिकार ' का ज्ञान कराना एक आवश्यक सामाजिक दायित्व है । आदर्श राष्ट्रीयता के लिए एक महान् देश को आदर्श नागरिकता एवं उसकी परंपरा की आवश्यकता होती है । ' कानून का अधिकार ' नामक इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य आदर्श नागरिकों को कानून जानने का जो एक बुनियादी अधिकार है , उसे उन्हें दिलाना होगा । इसके लिए जनता के द्वारा जन – अभियान के माध्यम से सरकार और समाज का इस महत्त्वपूर्ण मुद्दे की ओर ध्यान आकर्षित करना ही , अभियान का मुख्य उद्देश्य है । आम नागरिक को कानून का ज्ञान कराने के लिए एक विशाल जन – अभियान का स्वरूप खड़ा करना आवश्यक एवं जनहितकारी होगा । यदि यह अभियान सफल हुआ तो अधिकारिता की दिशा में लड़ी जानेवाली टुकड़ों – टुकड़ों में हो रही लड़ाइयों का अंत होगा और प्रत्येक व्यक्ति या समुदाय अपने स्व अधिकार यानी मूल या मौलिक अधिकार अथवा मानवाधिकार को स्वतः प्राप्त करेंगे । साथ ही कोई किसी के मौलिक अधिकार या मानवाधिकार का हनन नहीं कर पाएगा।

## समाजसेवी ने जरूरत मंद लोगो को वितरित किया गर्म कपड़े

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : "हम आप में प्रभु का दर्शन करते हैं''' की भावना से प्रेरित होकर चौरसिया पेन्ट स्टोर के अधिष्ठाता समाज सेवी मनीष नारायण चौरसिया द्वारा वीर शिवाजी शाखा हरदीपुर क्षेत्र के सेवा बस्ती में असहाय एवं जरूरतमंद महिलाओं,पुरुषों एवं बच्चों को कंबल, जैकेट एवं ऊलेन टीशर्ट का वितरण किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनीष नारायण ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है ।दरिद्र नारायण की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है जिससे पुण्य की प्राप्ति होती है ।जो लोग निस्वार्थ भाव से गरीब,असहाय तथा हासिये पर खडे लोगों की सेवा एवं सहायता करते हैं, वे सच्चे समाज सेवी है ।अपने लिए तो सभी जीते हैं, जो दूसरों की सहायता के लिए आगे आते हैं, वे ही मानव धर्म निभाते



हैं ।हमें अपनी क्षमता एवं सामर्थ्य के अनुसार सदैव असक्त एवं निर्धनों की सहायता करनी चाहिए ।उक्त कार्यक्रम में जगतनारायण चौरसिया,सेंट मैरी स्कूल के प्रबंधक दिनेश गुप्ता,नगर के शारीरीक शिक्षण प्रमुख अजय उपाध्याय,शिक्षक सुजीत चौरसिया एवं डा.ज्ञानप्रकाश उपाध्याय उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के सयोजक समाजसेवी रंगीले निषाद थे एवं संचालन नारायण चौरसिया द्वारा किया गया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा ने वितरित किए कंबल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा (पंजी.) , लखनऊ शाखा के सौजन्य से इस ठिठुरती एवम हाड़



कंपाती सर्दी में गरीब बेसहारा , फुटपाथ पर एवम रेलवे स्टेशन पर सोने वाले लोगों में दिनांक 3 जनवरी की रात्रि में कंबल वितरण किया गया। पूर्वी भारत की महामंत्री कनुप्रिया, अवध क्षेत्र महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रागिनी अवस्थी, लखनऊ जनपद के जिला अध्यक्ष संजय अवस्थी ने गोमती नगर, चारबाग रेलवे स्टेशन एवम हनुमान सेतु स्थित हनुमान मंदिर पर कंबल वितरित किए।

## 13 जनवरी को आयोजित होगी मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत होने वाली मंडल स्तरीय प्रदर्शनी 13 जनवरी 2023 शुक्रवार को ब्राइट लैंड स्कूल नविकोट नन्दना सीतापुर रोड निकट छठा मील लखनऊ में सुबह 9 बजे से आयोजित की जायेगी। संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल कार्यालय के मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ० दिनेश कुमार ने बताया कि अभी तक समग्र शिक्षा अभियान द्वारा आयोजित होने वाली विज्ञान प्रदर्शनी सिर्फ जनपद स्तर तक ही करवाई जाती थी,उत्तर प्रदेश शासन व विभाग द्वारा इस वर्ष से इस प्रदर्शनी को विस्तार देते हुए अब जनपद स्तर के बाद मण्डल व राज्य स्तर तक की प्रदर्शनी के रूप में भी आयोजित की जायेगी, समग्र शिक्षा अभियान की जनपद स्तर की प्रदर्शनी से जूनियर व सीनियर संवर्ग से क्रमशः प्रथम,द्वितीय,व् त्रितीय स्थान प्राप्त कुल तीन तीन जनपदीय विजेता मंडल स्तर के लिए चयनित किये जाते हैं,इस प्रकार लखनऊ मंडल के 6 जनपदों से कुल 36 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस प्रदर्शनी में लखनऊ मण्डल के समस्त 6 जनपदों क्रमशः सीतापुर,उन्नाव, लखीमपुर खीरी,रायबरेली,हरदोई, लखनऊ, से जूनियर व् सीनियर संवर्ग के सर्वश्रेष्ठ तीन तीन जनपद स्तरीय चयनित प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, इस प्रकार समग्र शिक्षा अभियान की इस मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में कुल 36 प्रतिभागी अपने अपने माडल शोकेश करेंगे जिनके मुल्यांकन के लिए निर्णायक के रूप में तीन विशेषज्ञों,क्रमशः सी0 डी0 आर0आई0 की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 ऋचा पाण्डेय,सेंट्रल इलेक्ट्रोनिक रिसर्च इंस्टिट्यूट पिलानी राजस्थान के अवकाश प्राप्त वैज्ञानिक डॉ0 एच0 के0 द्विवेदी ,तथा जनता इंटर कॉलेज,आलमबाग लखनऊ के जीव विज्ञान प्रवक्ता पवन कुमार को नियुक्त किया गया है। जे डी लखनऊ सुरेन्द्र तिवारी द्वारा मंडल के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को अपने अपने जनपद से प्रतिभाग करने वाले छह प्रतिभागियों पर एक टीम लीडर विज्ञान शिक्षक नियुक्त करते हुए लखनऊ के निर्धारित प्रदर्शनी स्थल पर समय से प्रतिभाग के लिए उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है। डॉ0दिनेश कुमार ने बताया कि मण्डल स्तर की इस प्रदर्शनी से जूनियर संवर्ग से सर्वश्रेष्ठ दो तथा सीनियर संवर्ग से सर्वश्रेष्ठ दो,इस प्रकार कुल 4 विजेता चयनित किये जांएगे, जिनको पुरष्कृत किया जाएगा और समग्र शिक्षा अभियान की राज्य स्तर की प्रदर्शनी के लिए भेजा जाएगा जो राज्य स्तर की प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे जिसमें पूरे प्रदेश के 18 मण्डलों से कुल 72 प्रतिभागियों द्वारा अपने मॉडल को शोकेश किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत इस वर्ष से विस्तार दिए गए इस विज्ञान प्रदर्शनी में प्रत्येक जनपद से सहभागिता में छात्र छात्राओं व विद्यालयों का रुझान बढ़ा है,जो इस प्रदर्शनी की उपयोगिता को बढ़ाने के साथ साथ छात्र छात्राओं को अपने वैज्ञानिक प्रतिभा को मण्डल व राज्य स्तर तक प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**रास्ते का हर रोड़ा एक चेतावनी है, उस चेतावनी को पढ़ना सीखो।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# तालिबान का फरमान और मलाला

मलाला न केवल पाकिस्तान और कई अन्य देशों में शिक्षा पर काम कर रही हैं, बल्कि वह और उनके पिता जियाउद्दीन यूसुफजई वास्तव में अफगानिस्तान में भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

नवविवाहिता मलाला यूसुफजई जब शादी के बाद पहली बार अपने शौहर के साथ लाहौर एयरपोर्ट पर उतरी थीं, तब मैंने ट्वीट किया था, 'वेलकम बैक क्वीन'। पंजाब की प्रांतीय राजधानी में करीब हफ्ते भर के उनके प्रवास के दौरान उनके अभिभावक भी साथ थे। वह स्कूली छात्राओं को विज्ञान, इंजीनियरिंग, गणित और कला की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही ऑक्सफोर्ड पाकिस्तान कार्यक्रम के तहत अपने काम से भी परिचित कराने के लिए आई थीं। मलाला नोबेल से सम्मानित पाकिस्तान की दूसरी शख्स हैं। वह तीन बार पाकिस्तान आ चुकी हैं और आखिरी बार वह देश में आई भीषण बाढ़ से बुरी तरह से प्रभावित सिंध में मदद के लिए आई थीं।

लाहौर की इस यात्रा का यह मतलब भी था कि वह अपने घर स्वात नहीं जा सकेंगी, क्योंकि वहां प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक तालिबान पाकिस्तान फिर से सक्रिय हो गया है और जिसकी वजह से वहां के हालात बदतर हैं। ऐसा लगता है कि स्वात तथा उत्तरी पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में कुछ भी नहीं बदला है। मलाला को तब अपना घर छोड़ना पड़ा था, जब उग्रवादियों ने लड़कियों की शिक्षा का विरोध किया। और जब सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में अपना दखल बढ़ाया, तब जीवन सामान्य स्थिति की ओर लौटने लगा। इन दिनों वहां नागरिक उग्रवाद के खिलाफ नारे लगाते हुए शांति रैलियां निकाल रहे हैं और सरकार से अपने जीवन की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

मलाला न केवल पाकिस्तान और कई अन्य देशों में शिक्षा पर काम कर रही हैं, बल्कि वह और उनके पिता जियाउद्दीन यूसुफजई वास्तव में अफगानिस्तान में भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पिता और पुत्री हर संभव मंच से आवाज उठा रहे हैं और तालिबान सरकार से लड़कियों को स्कूल जाने की इजाजत देने की मांग कर रहे हैं। लेकिन वास्तव में जब लड़कियों की शिक्षा की बात आती है, तो शक्ति काबुल में नहीं, बल्कि कंधार में नेतृत्व के पास होती है, जो ऐसे मामलों में निर्णय लेते हैं। मलाला ने हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और उनके कुछ मंत्रियों से न्यूयॉर्क में मुलाकात की थी। एक बहुत ही दिलचस्प वीडियो था, जिसमें मलाला ने प्रधानमंत्री को बधाई देने के लिए अपना हाथ बढ़ाया, लेकिन वह इसके बजाय प्यार से अपना हाथ उनके सिर पर रखते हैं, जैसा कि पूर्वी परंपरा है, और हाथ नहीं मिलाते हैं।

इस हफ्ते मलाला ने विपक्ष के नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री चौधरी परवेज इलाही से मुलाकात की, क्योंकि उनके कुछ प्रोजेक्ट्स पंजाब में भी चल रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं राजनीतिक रूप से सही होने के बारे में कभी चिंता नहीं करती। मैं सिर्फ सच के साथ होना चाहती हूं। मेरे लिए यह सबसे महत्वपूर्ण चीज है। मैं विशेषज्ञों के काम में यकीन करती हूं। हम शोध और उपलब्ध आंकड़ों को देखते हैं। जब मैं शिक्षा की वकालत करती हूं, तो हम देखते हैं कि डाटा हमें क्या बताता है।'

पाकिस्तान की ओर से भी कई बार तालिबान से कहा गया है कि कुछ अन्य मांगों को स्वीकार करने के साथ वह लड़कियों की शिक्षा को अनुमति दे, तो उसे आधिकारिक तौर पर मान्यता देने का रास्ता खुल सकता है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने न्यूयॉर्क में एक इंटरव्यू में इस तरह की बात की थी। उनके अलावा विदेश राज्यमंत्री हिना रब्बानी खार ने काबुल की अपनी पहली यात्रा के दौरान ऐसा कहा था, लेकिन अफगानिस्तान के हालात देखकर लगता नहीं कि ऐसा हो पाएगा। पाकिस्तान ने तालिबान के किसी पुरुष राजनयिक को भेजे जाने पर जोर देने के बावजूद एक उच्च शिक्षित एक वरिष्ठ महिला को काबुल भेजकर स्पष्ट संदेश देने की कोशिश की। विदेश राज्यमंत्री रब्बानी जब– बिना बुर्के या चादर, जैसा कि अफगान महिलाएं पहनती हैं– सिर्फ दुपट्टा डाले काबुल हवाई अड्डे पर उतरीं, तो कई लोग हैरत में पड़ गए थे। मेरे लिए रब्बानी की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि उन्होंने वहां अफगान महिला व्यवसायियों से भी मुलाकात की। वहां उन्होंने उनके साथ भोजन किया और एलान किया कि पाकिस्तान की नई व्यापार नीति में अफगान महिलाओं से आयात को प्राथमिकता दी जाएगी।

दुनिया जब भी तालिबान के साथ बातचीत करती है, तो लड़कियों की शिक्षा को हर चर्चा में सबसे ऊपर रखती है। लेकिन काबुल पर कब्जा करने के बाद से तालिबान इस मुद्दे पर जरा भी झुकने को तैयार नहीं हैं। इस बीच, अफगान के शिक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने जब लड़कियों के लिए उच्च शिक्षा पर प्रतिबंध का एलान किया, तो दुनिया के विभिन्न हिस्सों में इस पर तीखी प्रतिक्रिया हुई। अगस्त, 2021 में तालिबान ने सत्ता में कब्जे के बाद लड़कियों के स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया था। मार्च में उसने माध्यमिक स्कूलों में लड़कियों के लौटने पर प्रतिबंध लगाया।

मैं तब सही थी, जब मैंने कहा था कि मुझे कोई उम्मीद नहीं। पाकिस्तान ने निराशा व्यक्त करते हुए तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और काबुल की सत्ता से आग्रह किया है कि वह अफगान महिलाओं और छात्राओं की उच्च शिक्षा पर रोक लगाने के अपने फैसले पर फिर से विचार करे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम दृढ़ता से मानते हैं कि इस्लाम के अनुसार प्रत्येक पुरुष और महिला को शिक्षा का अंतर्निहित अधिकार है। विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने विश्वविद्यालयों में महिलाओं के प्रवेश पर तालिबान के प्रतिबंध पर निराशा व्यक्त की है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा, मुझे अभी भी लगता है कि काबुल और अंतरिम सरकार से संवाद के जरिये ही हम अपने लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस्लामाबाद में ओआईसी की बैठक में कहा कि मेरी सबसे बड़ी चिंता यह है कि अफगानिस्तान अफरा–तफरी की ओर बढ़ रहा है।

मीडिया से बात करते हुए मलाला ने कहा, 'मैं अफगानिस्तान की महिलाओं और लड़कियों के लिए उम्मीद से भरी हुई हूं, जिसकी एक वजह अफगान महिलाओं द्वारा अभी उठाए जा रहे कदम हैं। वे हार नहीं मान रही हैं। वे सड़कों पर अपने अधिकारों के लिए नारे लगा रही हैं, और लड़कियां शिक्षा के अपने अधिकार के लिए चीख रही हैं। यह कुछ ऐसा है, जो मुझे आशा देता है।'

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# ओबीसी आरक्षण: 31 मार्च तक ट्रिपल टेस्ट पूरा कराना बड़ी चुनौती : अब नए सिरे से तय होगी प्रक्रिया

लखनऊ ब्यूरो : नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से प्रदेश सरकार को राहत मिल गई है। लेकिन, कोर्ट द्वारा दी गई समय सीमा के भीतर ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा करना बड़ी चुनौती होगी। हालांकि सरकार द्वारा गठित आयोग ने काम करना शुरू कर दिया है फिर भी इसके लिए तीन महीने में यह काम पूरा करना मुश्किल होगा। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद साफ हो गया है कि ओबसी आरक्षण के संबंध में नगर विकास विभाग द्वारा 5 दिसंबर को मेयर और चेयरमैन सीटों के लिए जारी अनंतिम अधिसूचना का अस्तित्व अब समाप्त हो गया है। इसलिए निकाय चुनाव के लिए अब नये सिरे से आरक्षण तय करना होगा और यह काम 31 मार्च तक ही करना होगा। हालांकि आयोग की रिपोर्ट आने के बाद ही सीटों और वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू हो पाएगी, इसलिए आयोग को अपनी रिपोर्ट तेजी से देनी होगी। वहीं नगर विकास विभाग को भी तेजी से सभी तैयारियां पूरी करने के लिए भी कह दिया गया है। बता दें कि ओबीसी आरक्षण से संबंधित याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाते हुए राज्य सरकार द्वारा गठित आयोग को 31 मार्च तक ओबीसी पर रिपोर्ट देने को कहा है। अप्रैल में हो सकता है चुनाव वहीं निर्धारित समय में आयोग की रिपोर्ट आने के बाद शासन को आरक्षण तय करने में 15 से 20 दिन तक का समय लग सकता है। इसके बाद अनंतिम अधिसूचना जारी होगी, जिस पर एक




सप्ताह के भीतर आपत्ति और सुझाव मांगे जाएंगे और उसका निस्तारण किया जाएगा। तब अंतिम अधिसूचना जारी हो पाएगी। ऐसे में अप्रैल के अंत तक ही चुनाव संभव है। उप्र राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जस्टिस (रिटायर्ड) राम अवतार सिंह का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक तय समय सीमा के भीतर पिछड़ों के आरक्षण की रिपोर्ट तैयार कर ली जाएगी। इसके लिए आयोग पूरी ताकत के साथ काम करेगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सपा की मांग पर लगी मुहर सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप का कहना है कि सपा की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगाई है। पार्टी की मांग थी कि संविधान में दी गई व्यवस्था के तहत ओबीसी आरक्षण का पालन किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने भी यही कहा है। इस फैसले से भाजपा सरकार की पोल खुल गई है। उम्मीद है कि इस फैसले के बाद भाजपा होश में आएगी और संविधान की अवहेलना नहीं करेगी। इसलिए ओबीसी आरक्षण का पालन करते हुए जल्द से जल्द निकाय चुनाव कराया जाए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला मान्य है। सरकार ओबीसी आरक्षण के साथ खिलवाड़ न करे और उन्हें उनका वाजिब हक दिलाने के लिए तर्कपूर्ण ढंग से प्रक्रिया को पूरा करे। बसपा प्रमुख मायावती का कहना है कि यदि सरकार ने समय से पहले ही आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट करा लिया होता तो यह नौबत नहीं आती। भाजपा के लिए गरीब, दलित, ओबीसी, मुस्लिम व बहुजन समाज विरोधी चाल, चरित्र व चेहरे को त्यागना बेहद जरूरी है।

# बनारस में कड़ाके की ठंड: 5 डिग्री से नीचे पहुंचा न्यूनतम तापमान : बाबा विश्वनाथ ने भी ओढ़ी रजाई

वाराणसी ब्यूरो : पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी की वजह से वाराणसी समेत समेत आसपास के जिलों में ठंड के तेवर तल्ख होते जा रहे हैं। ठंड इतनी अधिक है कि रात की बात तो दूर दिन में ही कंपकंपी लगने लगी है। सूरज ने भी मुंह मोड़ लिया है। वाराणसी में इस सीजन में सबसे ज्यादा ठंडा दिन गुरुवार रहा। आईएमडी लोकल वेदर के मुताबिक, न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, अगले तीन चार दिन तक ऐसे ही मौसम रहने की संभावना है। इसके लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। ठंड के प्रकोप से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। काशी के देवालयों में देव विग्रहों को भी ठंड से बचाने के इंतजाम किए गए हैं। ठंड ज्यादा बढ़ी तो काशी विश्वनाथ मंदिर के अर्चकों ने बाबा विश्वनाथ को भी रजाई ओढ़ा दी। शयन आरती के बाद नियमित रूप से बाबा विश्वनाथ को रजाई ओढ़ाई जा रही है। इसके अलावा शहर के सभी मंदिरों में भी ठंड से बचाव के लिए देव विग्रहों को रजाई और कंबल ओढ़ाया गया है। वाराणसी में सभी स्कूल सात जनवरी तक बंद हैं। सूरज ने मुंह मोड़ा, नम हवाओं ने कंपाया वाराणसी में पांच दिन से धूप भी नहीं निकल रही है कि ठंड से थोड़ी राहत मिले। गुरुवार सुबह के समय मध्यम से घने स्तर का कोहरा छाया रहा। दिन चढ़ने के साथ ही कोहरा छंटने लगा और रोशनी में इजाफा हुआ। हालांकि, धूप के दर्शन नहीं हुए। अन्य दिनों की तुलना में दिन में गलन अधिक है। स्वेटर, जैकेट, टोपी और हाथ में दस्ताना पहनकर निकले लोग भी गलन अधिक होने से कांपते नजर आए। पिछले एक सप्ताह से मौसम के मिजाज में तेजी से बदलाव देखने को



मिल रहा है। दिन में धूप तो नहीं हो रही है, लेकिन मंगलवार से आसमान में बादल भी दिख रहे हैं। बुधवार को सुबह से ही 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवाएं चलती रही। बीएचयू के मौसम वैज्ञानिक प्रो. मनोज श्रीवास्तव का कहना है कि उत्तर पश्चिमी हवाओं की वजह से ही मौसम में बदलाव हुआ है। तीन चार दिन तक ऐसे ही मौसम बने रहने के आसार हैं। ऐसे में अलर्ट रहने की जरूरत है। लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है। कंपकंपाती ठंड में पशु–पक्षियों को दे रहे गुड़ और अजवाइन तीन दिनों में ठंड से बचाव के लिए सारनाथ के चिड़ियाघर में के पशु–पक्षियों को गुड़ और अजवाइन के साथ मोटा अनाज दिया जा रहा है। साथ ही पुआल के बेड और पिंजरे के चारों ओर नेट लगाया गया है। अमूमन सारनाथ डियर पार्क के पशु–पक्षियों को सब्जी और मांस भोजन में दिया जाता है। सारनाथ रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी पन्नालाल सोनकर ने बताया कि खाद्य सूची के अनुसार जिन पशु पक्षियों को पालक, पत्ता गोभी, खीरा, गाजर खिलाया जाता था, उन्हें गुड़, अजवाइन, चना, गेहूं, मटर, मक्का और बाजरा दिया जा रहा है। ताकि उन्हें ठंड न लगे। चिड़िया घर में 114 चीतल, चार इमू, दो लगलग, 10 साही, पहाड़ी तोता, 10 काले हिरन को गुड़, अजवाइन के साथ मोटा अनाज दिया जा रहा है। एक लोहा सारस, दो सफेद सारस, तीन मगरमच्छ, दो घड़ियाल को मछली दी जा रही है।

# गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के कपड़ा बैंक अंतर्गत जरूरतमंदों को कपड़े और सेनेट्री पैड का किया गया वितरण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के उपखंड समिति विनय खंड जन कल्याण समिति के द्वारा विनय खंड की मलिन बस्तियों में रहने वाले के जरूरतमंद को महासमिति अभियान कपड़ा बैंक के अंतर्गत बढ़ती ठंड को देखते हुए महिलाओं,बच्चों, पुरुषों,बुजुर्गों को ऊनी एवं सूती कपड़े का वितरण किया गया । उपरोक्त कपड़ा वितरण कार्यक्रम गोमती नगर जन कल्याण महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र जी के अगुवाई में श्री सी जी नायर, सचिव ,क्रीड़ा सचिव सुश्री नंदिनी मिश्रा, सुश्री चित्रा सक्सेना, महिला प्रभारी विनय खंड, श्री प्रमोद मिश्रा जी सचिव एवं प्रभारी विनय खंड, डॉ स्वतंत्र कुमार विनय खंड 4, श्री अरुण कुमार अध्यक्ष एवं संगठन सचिव महासमिति आदि की गरिमामयी उपस्थित में सम्पन्न हुआ ।गरीब वंचित महिलाओं



को सेनिटरी पैड का भी वितरण किया गया. यह कार्यक्रम विनय खंड 5 शहीद पथ के नीचे बोनसाई पार्क के निकट आयोजित था. इस सामाजिक कार्य में उन सभी लोगों का जिन्होंने अपना सहयोग दिया ह्रदय से आभार और धन्यवाद। अरुण कुमार, अध्यक्ष जन कल्याण समिति विनय खंड 5 एवं प्रबंध सचिव गोमती नगर जनकल्याण महासमिति।

# विधायक अमरेश रावत यू पी गौरव सम्मान से सम्मानित

मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ : प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में सेक्टर ओ पोस्टल ग्राउण्ड केन्द्रीय विद्यालय के सामने अलीगंज लखनऊ में चल रहे 15वें यूपी महोत्सव–2022 की बारहवीं सांस्कृतिक संध्या में कथक संग बॉलीवुड नृत्य ने मंत्र मुग्ध किया। 15वें यू पी महोत्सव की बारहवीं सांस्कृतिक सन्ध्या का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मोहनलालगंज के विधायक अमरेश रावत ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने मुख्य अतिथि मोहनलालगंज के विधायक अमरेश रावत को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर यू पी गौरव सम्मान से सम्मानित किया। प्रदेश सरकार द्वारा प्रद्वत कोविड–19 के नियमों के तहत आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित यूपी महोत्सव की बारहवीं सांस्कृतिक संध्या का आरम्भ भावना फाउंडेशन के कलाकारों शशि, अवंतिका, मीतू, यामिनी, आकृति, हर्षिता, जितेंद्र, विधिा ने कथक नृत्य शैली में मेरे घर राम आये हैं पर भाव पूर्ण नृत्य से कर दर्शकों को भगवान श्री राम की भक्ति के सागर में आकन्ठ डुबोया। भक्ति भावना से ओत प्रोत इस प्रस्तुति के उपरान्त प्रिंसी तिवारी ने अपसारा आली, चहक अवस्थी ने छम्मक छल्लो, शीतल सिंह ने आयो रे शुभ दिन, शीतल सिंह ने देश रंगीला, अंजलि सिंह ने घर मोरे परदेशीया, आर्यन सिंह ने हम्मा हम्मा, डिम्पल अवस्थी ने लत लग गई पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मन को मोह लेने वाली इस प्रस्तुति के उपरान्त मीतू, अवंतिका, विधि, यामिनी और आकृति ने पंजाबी गिद्दा की मनोरम छटा बिखेरी। कार्यक्रम का संचालन सम्पूर्ण शुक्ला ने किया। इसके पूर्व आज दिन में आभूषण काव्यात्मक अभिव्यक्ति पटल द्वारा काव्य पाठ व पुस्तक विमोचन अल्का गुप्ता के निर्देशन में किया





गया। समारोह में अल्का गुप्ता 'प्रियदर्शिनी' के सम्पादन में प्रकाशित पुस्तक अलकाजंलि –साझा कहानी संग्रह का विमोचन साहित्यकारा सरोज बाला सोनी ने किया। इसके अलावा काव्य गोष्ठी में डा. अनुराधा पांडेय, अनमोल, शशि सुमन, प्रीति तिवारी, प्रतिभा गुप्ता, रत्ना बापुली, सरिता कटियार, साधना मिश्रा 'लखनवी', अनीता सिंहा, डा. विभा प्रकाश, उमेश प्रकाश सक्सेना, उमा सिंह, रेनू द्विवेदी, वन्दना विशेष गुप्ता, सरोज बाला सोनी, डा. रेखा गुप्ता, रश्मि लहर, रेखा बोरा, अंजू, डा. अनुराधा पांडेय और अलका गुप्ता ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को आह्लादित किया। इसी क्रम में शारदेय प्रकाशन द्वारा अमिता मिश्रा मीतू के उपन्यास ''सुगंधा''पर एक परिचर्चा हुई। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर कुमकुम शर्मा ने पुस्तक की समीक्षा करते हुए कहा कि ''सुगंधा'' मे एक नायिका के संघर्ष के साथ विरोध को भी शालीनता से दर्शाया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की डिप्टी डायरेक्टर कुमकुम शर्मा ने की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विनीता मिश्रा और विजयलक्ष्मी सिंह ने मंच की शोभा बढ़ाई। मुख्य वक्ता के रूप में अलका प्रमोद ने उपन्यास के कथानक पर प्रकाश डाला और कुशल संचालन निवेदिता श्री ने किया। इस अवसर पर स्वेता द्विवेदी , संजीव मिश्रा, सयुंकता मिश्रा, महेंद्र भीष्म आदि लोग उपस्थित रहे।

# महानिदेशक (संरक्षा) रेलवे बोर्ड नई दिल्ली द्वारा लखनऊ–रायबरेली रेल खण्ड का संरक्षा निरीक्षण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रेल परिचालन को गति प्रदान करने एवं खंड में प्रचलित संरक्षा मानकों का अवलोकन करने के उद्देश्य से आज दिनांक 05.01.2023 को महानिदेशक (संरक्षा), रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली श्री ब्रज मोहन अग्रवाल ने मंडल रेल प्रबंधक, श्री सुरेश कुमार सपरा सहित संरक्षा से जुड़े अन्य अधिकारियों द्वारा लखनऊ– रायबरेली रेल खण्ड का निरीक्षण यान की पिछली खिड़की (विंडो ट्रेलिंग) से संरक्षा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बछरावाँ स्टेशन पर उपलब्ध संरक्षा अभिलेखों व यार्ड का भी निरीक्षण किया तथा संरक्षा के प्रति कर्मचारियों का ज्ञान, स्टेशन की कार्य प्रणाली के अलावा चल रहे विकासशील कार्यों की समीक्षा की। विंडो ट्रेलिंग' निरीक्षण के दौरान रेल पथ एवं उसके पास के सभी इंस्टालेशनों जैसे सिगनल, ओएचई, प्लेटफॉर्म इत्यादि का चलती हुई निरीक्षण गाड़ी की पिछली खिड़की से निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान मार्ग मे पड़ने वाले स्टेशनों की साफ–सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं, राइडिंग क्वालिटी विशेष तौर से प्वॉइंट एवं क्रॉसिंग पर ट्रैकज्योमेट्री इंडेक्स में सुधार, ओएचई की



स्थिघति, मार्ग के लेवल क्रॉसिंग गेटों की स्थिति, मार्ग में आने वाले माइनर व मेजर ब्रिज आदि का अवलोकन किया गया। इस निरीक्षण कार्यक्रम में रायबरेली स्टेशन के यार्ड स्थित पॉइंट संख्या 203 व लोको पायलट एवं गार्ड लॉबी का भी गहन निरीक्षण किया व संरक्षा से जुड़े अधिकारियों / कर्मचारियों के ज्ञान की परख की साथ ही रेल संरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक, अश्विनी श्रीवास्तव एवं मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# जी–20 देशों में सेटेलाइट कैंपस खोलेगा लखनऊ विश्वविद्यालय : इंवेस्टर्स समिट में एमओयू होने की संभावना

लखनऊ ब्यूरो : लविवि ने जी–20 देशों में अपना एक्सटेंशन (सेटेलाइट) कैंपस खोलने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए प्रदेश सरकार के सहयोग से चार बैठकें भी हो चुकी हैं। फरवरी में होने वाली इन्वेस्टर्स समिट में इसे लेकर एमओयू होने की भी संभावना है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दोबारा कार्यभार संभालने के बाद बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। प्रो. राय ने बताया कि जी–20 देशों में शामिल कुछ देशों में हम अपना कैंपस शुरू कर सकते हैं। कोशिश है कि इन्हें एकेडमिक गाइडेंस, टीचिंग आदि दें। हमारी एकेडमिक व गुड प्रैक्टिस का लाभ विदेशियों को भी मिले। इसी तरह नए सत्र से ऑनलाइन कोर्स शुरू करेंगे और आगे चलकर डिस्टेंस एजुकेशन भी देंगे। बेस्ट प्रैक्टिसेज के क्रम में इसी सत्र से स्टूडेंट फीडबैक सिस्टम जल्द शुरू किया जाएगा। इसमें वेबसाइट पर छात्र एकेडमिक और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी जानकारी दे सकेंगे। उनके बेहतर सुझावों को हम लागू भी करेंगे। प्रो. राय ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय कंसलटेंसी भी देगा, जिससे संस्थान की आय बढ़ेगी। इसी के तहत राइट्स के साथ हम स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। विवि आगे चलकर अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और शहर के विकास कार्य से भी जुड़कर काम करेगा। केंद्र सरकार की संस्था से वार्ता चल रही है, जल्द 13 करोड़ का प्रोजेक्ट यूनिवर्सिटी को मिलेगा। बताया कि लविवि के पांच जिलों में 548 कॉलेज संबद्ध हैं। जल्द इनके बीच इंटर कॉलेज कल्चरल व स्पोर्ट्स फेस्ट होगा। सारी प्रतियोगिताएं विश्वविद्यालय में ही न होकर संबद्ध कॉलेजों में



भी होंगी। रिसर्च इंडेक्स, रिसर्च ग्रांट व प्लेसमेंट बढ़ाएंगे प्राथमिकताएं बताते हुए प्रो. राय ने कहा, विश्वविद्यालय ने हर क्षेत्र में जो व्यवस्थाएं, सुविधाएं बढ़ाईं, अब उसका लाभ शिक्षकों, छात्रों को दिलाएंगे। रिसर्च इंडेक्स, रिसर्च ग्रांट बढ़ाई जाएगी। पहले हमारा वेब ऑफ साइंस में एच इंडेक्स 77 था, जो 95 और स्कोपस में 83 से 105 हो गया है। इसे और बेहतर करेंगे। विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट और पैकेज बढ़ाएंगे। इनक्यूबेशन सेंटर में संसाधन बढ़ाकर शिक्षकों की भी स्टार्टअप के लिए मेंटरिंग करेंगे। समाज में सहभागिता भी बढ़ाएंगे। इसके लिए प्राइवेट इन्वेस्टर्स से बात चल रही है। विदेशी छात्रों के अलग हॉस्टल बनाएंगे प्रो. राय ने बताया बीते वर्षों में विदेशी छात्रों की संख्या लगातार बढ़ी है। वर्ष 2022–23 में प्रवेश के लिए 850 आवेदन आए। विदेशी छात्रों से अच्छी आय भी होती है। अब हमारी कोशिश है कि विदेशी लड़कों–लड़कियों के लिए अलग–अलग हॉस्टल बनाए जाएं। अभी हमने उन्हें छात्रावासों में अलग सेक्शन दिया है। इससे बाहर से आने वाले छात्रों की संख्या बढ़ेगी। पूर्व छात्रों के सहयोग से हर हॉस्टल में गेस्ट रूम बनाने का भी प्रस्ताव है।

# थाना चन्दवक पुलिस द्वारा एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस उपमहानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक चन्दवक मय पुलिस टीम द्वारा मुखबीर खास की सूचना पर वांछित अभियुक्त 1. धीरज यादव पुत्र कन्हैयालाल यादव 2. जोगेन्द्र यादव पुत्र बच्चाराम यादव निवासीगण बीरीबारी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को बलरामपुर तिराहा से एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त के संबंध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है । गिरफ्तार अभियुक्तदृ 1.धीरज यादव पुत्र कन्हैयालाल यादव निवासी बीरीबारी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2. जोगेन्द्र यादव पुत्र बच्चाराम यादव निवासी बीरीबारी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर । पंजीकृत अभियोग– 1.मु0अ0सं0–03 / 23 धारा–41 / 411 / 419 / 420 / 467 / 468 / 471 भादवि थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1.एक अदद मोटर साइकिल वरंग काला हीरो स्पलेण्डर। गिरफ्तार करने




वाली पुलिस टीम– 1.श्री विजय शंकर सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2.निरीक्षक हरि नारायण पटेल चौकी प्रभारी पतरही थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 3.हे0का0 संजय सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 4.हे0का0 सुमन्त सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर ।5.का0 ओमप्रकाश यादव थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 6 का0 अजय यादव थाना चन्दवक जनपद जौनपुर ।7.का0 सूरज कुमार थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।

# थाना मीरगंज पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी



मछलीशहर जौनपुर के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 श्री रामसुन्दर मौर्य मय हमराह हे द्वारा मु0अ0सं0–119 / 2022 धारा–457 / 380 / 411 भादवि में वांछित चल रहे अभियुक्त अरविन्द गौतम पुत्र स्व0सुखराज गौतम उर्फ खोडे निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना मीरगंज जनपद जौनपुर को मुखबीर खास के सूचना पर अदारी मोड के पास से गिरफ्तार करते हुए चोरी का 700 रुपया बरामद किया गया । अभियुक्त अरविन्द गौतम के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जी रही है । गिरफ्तार अभियुक्त– 1.अरविन्द गौतम पुत्र स्व0सुखराज गौतम उर्फ खोडे निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना मीरगंज जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0–119 / 2022 धारा–457 / 380 / 411 भादवि थाना मीरगंज जौनपुर। माल बरामदगी का विवरण– 1.चोरी का 700 / – रुपया गिरफ्तार करने वाली टीम– 1.उ0नि0श्री रामसुन्दर मौर्या थाना मीरगंज जौनपुर। 2.हे0का0 धर्मेन्द्र पासवान थाना मीरगंज जौनपुर। 3.का0 महेन्द्र कुमार थाना मीरगंज जौनपुर।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि केराकत तहसील के 11 जाति प्रमाण पत्र व सदर तहसील 51 प्रमाण पत्रों पुनः जॉच राजस्व कर्मियों से करायी जाय। जॉच में अनिवार्य रूप से शासनादेश में वर्णित अभिलेखों यथा फसली – 1359, 1356, कुटुम्ब रजिस्टर की नकल, शैक्षिक संस्थाओं की टी०सी०, जनगणना 2011, 2001 आदि में यदि उस ग्राम में अनु०जनजाति / अनु०जाति की संख्या दर्शायी गयी है के दृष्टिगत तथ्यात्मक जॉच करते हुये जॉच आख्या समाज कल्याण विभाग जौनपुर को प्रस्तुत करें। तहसील केराकत सभी प्रकरणों में तहसीलदार केराकत द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या के सम्बन्ध में तहसीलदार केराकत से स्पष्टीकरण उपलब्ध लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। तहसील सदर के कुल 51 अनु० जनजाति के जारी प्रमाण पत्र को तहसीलदार सदर द्वारा दिये गये आख्या के क्रम में निर्देशित किया गया है कि तहसीलदार सदर द्वारा



कारण बताओं नोटिस व स्पष्टीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। कि उक्त सन्दर्भित प्रमाण पत्र किस आधार पर जारी किये गये थे, अब किसी आधार पर इसे निरस्त किये जाने हेतु आख्या उपलब्ध करायी जा रही है। संदर्भित प्रकरण में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जौनपुर को प्रकरण की जाँच किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी केराकत व सदस्य सचिव / जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ० शशि शेखर उपस्थित रहे।

# थाना जलालपुर पुलिस टीम ने 20 हजार रूपये के इनामिया हत्या के वांछित अभियुक्त रोशन बिन्द को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस उपमहानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में प्र0नि0 जलालपुर मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0–208 / 22 धारा 147, 302, 201, 120बी, 506 भादवि के वांछित व 20 हजार रूपये के इनामिया अभियुक्त रोशन बिन्द पुत्र रामबक्श बिन्द निवासी बसीरपुर थाना सरायख्वाजा, जौनपुर को मुखबिर की सूचना के आधार पर जेसीज चौराहा शाहगंज बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना स्थानीय पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त– 1.रोशन बिन्द पुत्र रामबक्श बिन्द निवासी बसीरपुर थाना सरायख्वाजा जौनपुर।



गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.श्री रमेश यादव, प्रभारी निरीक्षक थाना जलालपुर जौनपुर। 2.हे0का0 धर्मेन्द्र सिंह, का0 पंकज गुप्ता, का0 विपिन कुमार, का0 दीपक मौर्या थाना जलालपुर जौनपुर।

# थाना खुटहन पुलिस ने 01 वारांटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस उपमहानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के



क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में थाना खुटहन पुलिस टीम द्वारा वारण्ट मु0नं0 44 / 07 धारा 323 / 504 / 325 भादवि से संबंधित वारन्टी रामआसरे पुत्र रामधारी ग्राम राऊतपुर थाना खुटहन जौनपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार वारन्टी का विवरण– 1– रामआसरे पुत्र रामधारी ग्राम राऊतपुर थाना खुटहन जौनपुर। गिरफ्तारी टीम का विवरण– 1–उ0नि0 विजय शंकर सिंह थाना खुटहन जौनपुर। 2–का0सुग्रीव प्रसाद थाना खुटहन जौनपुर। 3.का0 शैलेन्द्र कुमार थाना खुटहन जौनपुर।

# थाना रामपुर पुलिस ने जन्मदिन पार्टी में कट्टा लहराकर डांस करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी पुलिस उप महानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण एवं गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण थानाध्यक्ष रामपुर श्री दिव्य प्रकाश सिंह मय हमराह द्वारा अभियुक्त अभिषेक पटेल पुत्र दिनानाथ पटेल ग्राम जगदीशपुर थाना जफराबाद जौनपुर को दिनांक 02.01.2023 को दिनकर इण्टर कालेज के सामने खेल के मैदान में राजा पटेल के जन्मदिन में कट्टा लहरा कर नाच करते हुये वायरल वीडियों के सम्बन्ध में मुखबिर की सूचना पर एक अवैध कट्टा 315 बोर नाजाजय व एक जिन्दा कारतुस के साथ आज दिनांक 05.01.2023 को कुम्भापुर गेट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 02 / 23 धारा 3 / 25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा अन्य



विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त 1.अभिषेक पटेल पुत्र दिनानाथ पटेल ग्राम जगदीशपुर थाना जफराबाद जौनपुर बरामदगी का विवरण– 1.एक अवैध कट्टा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर । गिरफ्तारी टीम– 1.थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह थाना रामपुर, जनपद–जौनपुर । 2.उ0नि0 कश्यप कुमार सिंह थाना रामपुर, जनपद–जौनपुर। 3.हे0का0 बलवन्त सिंह, का0 रामानन्द यादव, का0 रामेश्वर थाना रामपुर, जनपद जौनपुर ।

# 1.200 किलोग्राम गांजा के साथ एक अभियुक्त को थाना सरपतहाँ पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, उप महानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री चोब सिंह के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष सरपतहां श्री संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 05.01. 2023 को उ0नि0 सच्चिदानन्द मय हमराह कोबरा प्रथम के कर्मचारीगण हे0का0अतीक अहमद, का0आशीष यादव चेकिंग संदिग्ध वाहन / व्यक्ति के दौरान एक अभियुक्त राजेश मौर्य पुत्र छविराज मौर्य निवासी शाहमऊ (कोटिला) थाना सरपतहां जनपद जौनपुर उम्र करीब 41 वर्ष को 01 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0– 005 / 2023 धारा 8द्20 छक्चै ।ब्ज



पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त 1.राजेश मौर्य पुत्र छविराज मौर्य निवासी शाहमऊ(कोटिला) थाना सरपतहां जनपद जौनपुर उम्र करीब 41 वर्ष बरामदगी का विवरण– 1. एक किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा गिरफ्तारी टीम का विवरण 1.उ0नि0 सच्चिदानन्द थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर । 2.हे0का0 अतीक अहमद थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर । 3. कां0 आशीष कुमार थाना सरपतहां जनपद जौनपुर।

# थाना खुटहन पुलिस ने चोरी की 07 बैटरी के साथ 02 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस उपमहानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में प्र0नि0 खुटहन के नेतृत्व में उ0नि0 राजित राम यादव मय हमराह की सहायता से मु0अ0सं0–03 / 2023 धारा–379 / 411 भादवि थाना खुटहन जौनपुर से संबंधित अभियुक्त गण 1. विवेक कुमार गौतम पुत्र तिलकधारी ग्राम कोकना(पिलकिछा) थाना खुटहन जनपद जौनपुर 2.अतुल कुमार गौतम पुत्र स्व0 रामकुमार गौतम ग्राम कोकना (नरवां ) पिलकिछा थाना खुटहन जनपद जौनपुर को सात चोरी की बैट्री के साथ तिघरा तिराहा थाना खुटहन जौनपुर से गिरफ्तार कर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण– 1–विवेक कुमार गौतम पुत्र तिलकधारी ग्राम कोकना(पिलकिछा) थाना खुटहन जनपद जौनपुर। 2–अतुल कुमार गौतम पुत्र स्व0 रामकुमार गौतम



ग्राम कोकना नरवां (पिलकिछा) थाना खुटहन जनपद जौनपुर। अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास का विवरण 1–मु0अ0सं0–03 / 22 धारा–379 / 411 भादवि थाना खुटहन जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1– पुरानी इस्तेमाल बडी बैट्री 02 1. सफेद रंग EXIDE 95D31LMP80AHCCA%622ARC145MIN 2.काला रंग AMCO AGRO POWER AGRO 800 2–पुरानी इस्तेमाल 03 मीडिएम बैट्री रंग मैरून– TN POWER CE ISO YGROP COLTD D (Gamdhinager) 3–पुरानी इस्तेमाल 02 छोटी बैट्री काला रंग– 1. EXIDE ETZ&4 Recharge at 0-3A X5&10 HRS 2. पुरानी इस्तेमाली बैट्री नीला रंग 1120 गिरफ्तारी टीम का विवरण– 1.उ0नि0 श्री राजित राम यादव थाना खुटहन जनपद जौनपुर। 2.का0 सुनील कुमार सिंह थाना खुटहन जौनपुर। 3.का0 परमेश राजभर थाना खुटहन जौनपुर।

# एलआईसी में अंतरराष्ट्रीय सम्मान के लिए चुने गए – मनोज गुप्ता

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जीवन बीमा निगम के जोनल मैनेजर क्लब सदस्य एवं नगर निवासी मनोज गुप्ता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिया जाएगा इस सर्वोच्च सम्मान के लिए चुने जाने पर उनके शुभचिंतकों में हर्ष की लहर है एलआईसी के मैनेजर अमित ओमर ने बताया कि 2022–23 सत्र में मनोज गुप्ता ने उत्कृष्ट कार्य कर एलआईसी में अपने झंडे फहराए हैं उन्होंने बताया कि (मनोज गुप्ता) को बीमा क्षेत्र में



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलेगा श्री गुप्ता लगातार 5 वर्षों से पालिसी के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा यह उनको दूसरी बार सम्मान मिलेगा। मनोज गुप्ता को बरेली मंडल में विश्व स्तर के सम्मान के लिए चुना गया है बताते हैं कि उन्हें जून में यह सम्मान प्रदान किया जाएगा यह सम्मान उन्हें बीमा क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले सम्मेलन में दिया जाएगा इसे लेकर उनके साथियों में हर्ष की लहर है। बताया गया है कि यह सम्मेलन यूएसए में आयोजित होगा भारतीय जीवन बीमा निगम में इस सम्मान को एमडीआरटी सम्मान कहा जाता है। बीमा क्षेत्र में यह बेहद श्रेष्ठ एवं सफलतम सम्मान माना जाता है चीफ मैनेजर अजय शर्मा, अमित ओमर, सतीश चंद्रा, विवेक चौहान, ओपी सागर, अरुण त्रिपाठी ने उनको शुभकामनाएं भी दी हैं गौरतलब है कि श्री गुप्ता पूर्व में पत्रकारिता क्षेत्र से भी जुड़े रहे है। सीएलआईए मैनेजर विवेक चौहान ने बताया कि इस सत्र में 160 पॉलिसी करके पहले पायदान पर बने हुए हैं तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बीमा अभिकर्ताओं के सम्मेलन में इन्हें यह सम्मान दिया जाएगा जिसके लिए इन्हें शीघ्र ही भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से न्यौता भी दिया जाएगा।

# जिलाधिकारी द्वारा जिला अस्पताल एवं सीतापुर आंख अस्पताल का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा जिला अस्पताल एवं सीतापुर आंख अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सका डा0 शफीक अहमद एवं अन्य 05 स्वास्थ्य कर्मियों का आज का वेतन काटते हुए स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएस कृष्ण कुमार राय को निर्देश दिया कि बायोमैट्रिक से उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने डा0 अशोक यादव एवं डा0 प्रभात सिंह से जानकारी ली की किस प्रकार के मरीज अस्पताल में अधिक आ रहे हैं। चिकित्सकों ने बताया कि कोविड–19 का कोई भी मरीज नहीं आए हैं। खांसी एवं एलर्जी के मरीज इलाज कराने आ रहे हैं, महिला औषधि वितरण कक्ष के निरीक्षण के दौरान सभी प्रकार की दवाइया उपलब्ध मिली। लोगों के द्वारा अवगत कराया गया कि बाहर की दवा नही लिखी गयी है। जिलाधिकारी ने सर्जिकल वार्ड एवं मेडिकल वार्ड में जाकर भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य एवं अस्पताल के द्वारा किये जा रहे इलाज एवं दिये जा रहे खाने व नास्ते के सम्बंध में जानकारी ली और सीएमएस कृष्ण कुमार राय को निर्देश दिया कि मरीजों को अच्छे से इलाज किया जाए, उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। ठंड से बचने के उपाय के बारें जिला अस्पताल के दिवालों पर लिखवाये ताकि लोग अधिक जागरूक हो सके। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संतोष मिश्रा को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल में अलाव की समुचित व्यवस्था रहे। मरीजों को ठंड से किसी




प्रकार की समस्या न होने पाए। आंख अस्पताल के निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कुडा बिखरा हुआ एवं घासे उगी मिली। जिलाधिकारी ने अस्पताल में पाई गयी खामियों को जल्द से जल्द ठीक कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि अस्पताल की जमीन की पैमाइस करा दी जाए। अस्पताल में तत्काल एक चौकीदार की नियुक्ति की जाए जिससे अराजक तत्व अस्पताल परिसर में घुसने न पाए। अस्पताल परिसर में बाहर की गाड़ियां कदापि खड़ी न रहे। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह को निर्देशित किया कि पुरानी बिल्डिंगों को निष्प्रयोज्य घोषित करते हुए ध्वस्तीकरण कराने की कार्यवाही की जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि तत्काल टीम लगाकर परिसर की साफ–सफाई कराई जाए। उन्होंने जल्द जल्द अस्पताल की व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने का निर्देश दिया।

# जरूरतमंदों को वितरित किया गया कंबल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के एक होटल में रघुवंशी ग्रुप व जारा इवेंट द्वारा शाम ए गजल चौरिटी इवेंट का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर जरूरतमंदों को कंबल भी वितरण किया । इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा की ऐसे आयोजन जनपद में होते रहने चाहिए जो जरूरतमंदों के सहयोग हेतु काम आए इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ बीएस उपाध्याय डॉ विनोद प्रसाद सिंह डॉ अजीत कपूर डॉक्टर एस के सिंह डॉक्टर सुभाष सिंह शामिल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से इलाहाबाद के गायक कलाकार संदीप द्विवेदी ने सभी का मन मोह लिया आगंतुकों का स्वागत आयोजक हर्ष वर्धन रघुवंशी ने



किया कार्यक्रम का संचालन आयोजक सलमान शेख ने किया इस अवसर पर डॉ अशोक सिंह, यूपी सिंह, रविन्द्र नाथ सिंह व पप्पू रघुवंशी, शिवम कृष्णा रघुवंशी, डॉक्टर संजय सिंह डॉक्टर इंद्र सिंह डॉ शशांक श्रीवास्तव डॉक्टर जावेद पप्पू शकील अहमद डॉ मनोज वत्स जितेंद्र यादव सोनी सिंह अफसाना निशा सिंह डॉक्टर नवीन सिंह डॉक्टर जेएस सिंह स्नेहा सिंह डॉ अरुण कुमार मिश्रा विपुल सिंह के अलावा जनपद के डॉक्टर आदि उपस्थित रहे।

# 8.5 फीट ऊंची हो रामलला की मूर्ति ताकि सूर्य की किरणों से हो अभिषेक : बैठक में हुआ मंथन

अयोध्या ब्यूरो : रामलला की मूर्ति थोड़ी ऊंची बनाई जाए ताकि रामनवमी पर सूर्य की किरणों से उनका अभिषेक हो सके। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने तय किया कि अब पांच फीट नहीं मूर्ति की ऊंचाई 8.5 फीट रखी जाए तो बेहतर होगा। ट्रस्ट की बैठक पहली बार मणिरामदास की छावनी के चारधाम मंदिर में हुई। बैठक में रामजन्मभूमि में स्थापित होने वाली अचल मूर्ति के रंग–रूप, भव्यता आदि पर मंथन किया गया। सुझाव दिया गया कि मूर्ति की ऊंचाई पांच फीट नहीं बल्कि 8.5 फीट ऊंची रखी जाए। वैज्ञानिकों के अनुसार पांच फीट ऊंची मूर्ति पर सूर्य की सीधी किरणें नहीं पड़ेंगी। मूर्ति निर्माण में कर्नाटक, उड़ीसा व पुणे के मूर्तिकार भी शामिल हैं। ये 15 दिन के भीतर एक चित्र बनाकर देंगे। बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि चूंकि रामलला बाल स्वरूप में विराजमान होंगे। इसलिए उनकी मूर्ति में बालपन झलकना चाहिए। रामचरित मानस में रामलला के बाल स्वरूप का वर्णन जिस तरह से किया गया है, मूर्ति में उसकी झलक दिखनी चाहिए, इसको लेकर चर्चा हुई है। भगवान के हाथ–पैर कैसे हों, धनुष कैसा हो इन सब पर मंथन हुआ। चंपत राय ने बताया कि 2021–23 तक के आय–व्यय का ब्योरा आयकर विभाग में ट्रस्ट द्वारा जमा करा दिया गया है। सभी सदस्यों को मंदिर निर्माण की प्रगति



से भी अवगत कराया गया। बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि, जगद्गुरू वासुदेवानंद सरस्वती, जगद्गुरू विश्वेशप्रपन्नतीर्थ, महंत दिनेंद्र दास, ट्रस्टी डॉ.अनिल मिश्र, बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र, कामेश्वर चौपाल, पदेन सदस्य जिलाधिकारी नितीश कुमार, मंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा सहित कार्यदाई संस्थाओं के इंजीनियर मौजूद रहे। एक अन्य ट्रस्टी के. पराशरण वर्चुअल रूप से बैठक से जुड़े। देश के सम्मान के लिए काम करने वाला खून हैं अमित शाह केंद्र सरकार के गृह मंत्री अमित शाह ने विगत दिनों कनार्टक में एक कार्यक्रम में कहा था कि एक जनवरी 2024 को सभी लोग अयोध्या आने को तैयार हो जाइए। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राममंदिर निर्माण में गृह मंत्रालय के दखल के सवाल पर कहा कि दखल न होता तो सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई ही न होती। अमित शाह देश के सम्मान के लिए काम करने वाला खून हैं।

# पत्रकार एवं पुलिस एक सिक्के के दो पहलू– सीओ हेमंत उपाध्याय

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की शाहबाद यूनिट बैठक गायत्री मंदिर, चौक में संपन्न हुई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक हेमंत उपाध्याय ने कहा कि पत्रकार और पुलिस सामाजिक व्यवस्था की वह धुरी है जो समय–समय पर एक दूसरे के पूरक होकर काम करते हैं। पत्रकार वह आइना है जो सामाजिक चितन के साथ समस्याओं को उजागर करता है। समन्वय एवं सामंजस्य से ही बड़ी से बड़ी समस्याओं का निस्तारण आसानी से किया जा सकता है। पत्रकारों की वार्षिक बैठक में सीओ शाहाबाद श्री उपाध्याय ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों से बेहतर तालमेल रहे तो बड़ी से बड़ी घटनाओं को आसानी से राजफाश किया जा सकता है। अपराधों को रोकना उनकी पहली प्राथमिकता है। कोतवाल सुरेश कुमार मिश्र ने भी समाज में पत्रकारों की भूमिका को अहम बताया।उनका कहना था कि पत्रकार और पुलिस जनता तथा प्रशासन के मध्य सेतु का काम करते हैं। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन लखनऊ के मंडल अध्यक्ष अतुल कपूर, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन हरदोई के जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह ,संजय सिंह ,रजनीश सिंह , तहसील अध्यक्ष अम्बरीष कुमार सक्सेना, महेंद्र सिंह राना,हर्ष राज सिंह , वरिष्ठ पत्रकार अशरफ अली खां, दिनेश प्रसाद मिश्रा, आलोक पाठक ,कमलेश त्रिवेदी ,प्रिंस गुप्ता, तरंग गुप्ता ,मोहित गुप्ता ,प्रदीप कुमार ,अनुज गुप्ता ,अखिलेश बाथम, अशोक कुमार ,सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव , नवल किशोर,नवनीत गुप्ता राम जी समेत दर्जनों पत्रकारों ने शिरकत की। बैठक में तहसील पत्रकारों ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रेस कार्ड नवीनीकरण किया गया। पत्रकार बैठक का शुभारंभ पुलिस उपाधीक्षक हेमंत उपाध्याय एवं इंस्पेक्टर सुरेश कुमार मिश्र ने दीप प्रज्वलित करके किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अतुल कपूर ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पत्रकार हितों से कभी समझौता नहीं करता है। यह संगठन लंबे समय से पत्रकार हितों के लिए समर्पित है। यह पत्रकारों के सम्मान व अधिकार के लिए संघर्ष संगठन के बल पर ही करता है। श्री कपूर ने बताया कि आज पूरे प्रदेश में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले लगभग दस हजार सदस्य हैं। आगामी 26 फरवरी को लखनऊ में प्रांतीय बैठक है। जिसमें प्रदेश के जिला अध्यक्ष व महामंत्री भाग लेंगे। एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पत्रकार की समस्याओं को लेकर मिलेगा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि संगठन को और मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाकर पत्रकारिता से जुड़े लोगों को संगठन में



शामिल किया जाएगा। संगठन की मजबूती से ही पत्रकारों की समस्याओं का निस्तारण संभव है। कहा कि भ्रष्टाचार के युग में ग्रामीण पत्रकारों की जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं। हमें खबरों का संकलन करते समय तटस्थ रहना चाहिए, ताकि मीडिया के प्रति लोगों का विश्वास कायम रहे। वरिष्ठ पत्रकार अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि अच्छे पत्रकारिता सिद्धांतों का पालन करें। आप जो भी प्रकाशित करते हैं, उसमें पूरी तरह, निष्पक्ष और सटीक रहें, अपने स्रोतों और उद्धरणों को ध्यान से देखें, संभव हो बातचीत को सहमति के साथ रिकॉर्ड करें और वाक्यांशों को इस तरह से न बनाएं कि अर्थ का अनर्थ हो जाये। इसके अलावा, साक्षात्कार के विषय को अक्षरशः ज्यो का त्यों ही प्रस्तुत करे। साक्षात्कार की रिकॉर्डिंग या फोन कॉल सुरक्षित रखे और विश्वसनीय स्रोतों का उपयोग करें। केवल वही लिखें जिसके आपके पास प्रमाण हों, कहे गए शब्दों के उपयोग की अनुमति प्राप्त करें और अपने तथ्यों को अच्छे से जांच लें। केवल विश्वसनीय स्रोतों से जानकारी लें। संजय सिंह ने कहा कि पत्रकारिता अब भी स्थापित है। यू–टर्न हुआ है तो पत्रकारों और संबंधों का। पत्रकारों में विचारों को लेकर मतभेद होना चाहिए, लेकिन उनके बीच मनभेद नहीं होना चाहिए। पत्रकारों के हित में एकजुट होकर लड़ाई लड़ने की जरूरत है। पत्रकार माना जाना और पत्रकार बने रहना आज के दौर में सबसे बड़ी चुनौती है। हमें समाज में हो रहे गलत कार्यों के खिलाफ आवाज उठानी जारी रखनी चाहिए। पत्रकार अशरफ अली ने कहा कि पत्रकारिता की चुनौती बढ़ गई है। पत्रकारिता में सामाजिक चुनौती बढ़ी है। इस समय स्वतंत्र पत्रकारिता को गम्भीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पत्रकारिता के माध्यम से जीविका चलाने में मुश्किलें हो रही हैं। रजनीश सिंह ने कहा कि एक अच्छे पत्रकार में मनोवैज्ञानिक, वकील, कुशल लेखक, वक्ता और गुप्तचर के गुणों का समावेश होना चाहिए। तभी वह एक घटना में समाचार का बोध कर उसे जनता के समक्ष ला पाता है। इसके अतिरिक्त उसे दूरदर्शी भी होना चाहिए, तभी वह यह समझ पाएगा कि किस खबर का लोगों, समाज और देश पर क्या प्रभाव पड़ेगा। कार्यक्रम में पत्रकार अशरफ अली खां को प्रोन्नत करते मंडल उपाध्यक्ष मनोनयन पत्र मंडल अध्यक्ष अतुल कपूर द्वारा सौंपा गया।

# प्रभारी निरीक्षक के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन : तीन महीने के कार्यकाल की लोगों ने की सराहना

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोण्डा ।प्रभारी निरीक्षक के स्थानांतरण का विदाई गुरुवार को समारोह पूर्वक हुआ ।लोगों ने निरीक्षक के तीन महीने के कार्यकाल पर उनकी कार्यशैली, मृदु भाषी,कर्तव्य परायणता व सरलता की प्रसंशा की ।तीन माह के अल्प अवधि में प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह का कार्यकाल अति सराहनीय रहा ।डाइरेक्ट पब्लिक पोल व टयूटर वोटिंग में जहाँ थाना खरगूपुर पूर्व में 18वीं रैंक पर था इनके तैनाती के बाद पहले और दूसरे नंबर पर आ गया ।प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह से पीड़ित अपनी बात बड़ी आसानी से कहते थे ।जिस पर वह उसकी बात सुनकर उसका निराकरण करते थे ।श्री सिंह का स्थानांतरण थाना इटियाथोक में प्रभारी निरीक्षक के पद पर हुआ है ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से चौकी इंचार्ज जानकीनगर दिवाकर मिश्र,उपनिरीक्षक



अखिलेश यादव,किशोर पासवान,चन्द्र भूषण पांडेय,भोला शंकर,राम मिलन आजाद पुलिस कर्मी नीतीश मणि त्रिपाठी, नितीश सिंह,हिमांशी अवस्थी,पिंकी यादव, राज किशोर,आदित्य यादव,चंद्र शेखर,सुजीत विश्वकर्मा,अरुण गौतम, शिव शंकर सोनकर सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# माघ मेला को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर प्रभारी एसएसपी डा. मिश्र ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)माघ मेला मीडिया सेल के मुताबिक बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइंस माघ मेला के मानसरोवर सभागार में आयोजित पुलिस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया ।इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस ने माघ मेले का महत्व एवं मेले की भौगोलिक स्थिति के बारे में अवगत कराया ।उन्होंने पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए बताया कि माघ मेले मे आने वाले श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों एवं कल्पवासियों का मेला क्षेत्र में सुगम आवागमन हो सके इसके लिये सभी पुलिस कर्मियों को आपसी तालमेल बनाए रखना होगा ।हम सभी का परम कर्तव्य है कि यहां पर आने वाले सभी कल्पवासी माघ मास में सुरक्षित प्रवास कर सकें एवं सभी सुरक्षित स्नान कर सकें। वही इसी कड़ी में माघ मेला प्रयागराज प्रभारी डॉ मिश्र द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि माघ मेला क्षेत्र में आने वाले



श्रद्धालुओं के साथ आचरण एवं व्यवहार उत्कृष्ट कोटि का रखे व सभी कोविड–19 की गाइडलाइन का पालन करें ।इसी क्रम में प्रशिक्षण शिविर के अन्य सत्रों में निरीक्षक कड़ेदीन यादव प्रभारी जल पुलिस द्वारा जल यातायात एवं जीवन रक्षा के संबंध में व अग्निशमन अधिकारी ज्ञान दत्त शर्मा निरीक्षक संगम के द्वारा आपातकाल काल में आग से सुरक्षा और बचाव के सम्बंध में प्रशिक्षित किया गया।

# वर्तमान वित्तीय वर्ष में उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल ने टिकट जांच में तीन माह पूर्व ही अर्जित की लक्ष्य से अधिक आय

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। वर्तमान वित्तीय वर्ष 22–23 में उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल को टिकट जांच के माध्यम से दिसम्बर माह तक कुल 7,57,049 बिना टिकट/अनियमित यात्रियों से कुल /56.18/– करोड़ रु. के राजस्व की प्राप्ति हुई है जो वार्षिक लक्ष्य रु48.85 करोड़ रु. से अधिक है जबकि कोविड महामारी के पूर्व वित्तीय वर्ष 19–20 में दिसम्बर माह तक कुल बिना टिकट/अनियमित यात्रियों से कुल रु41.85/– करोड़ रु. के राजस्व की प्राप्ति की थी ।आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान लखनऊ मंडल के वाणिज्य विभाग ने टिकट जांच के नियमित अभियानों एवं अन्य प्रकार की टिकट चेकिंग गतिविधियों को आयोजित करते हुए यह उपलब्धि अर्जित की है। महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार होने से सभी गतिविधियों में तेजी आई है और सरकार के राजस्व में वृद्धि हुई है। रेलवे द्वारा टिकट जांच सदैव गतिशील रहने वाली ऐसी प्रणाली है जो विभिन्न रूपों में संपन्न की जाती है। ट्रेन में चल टिकट परीक्षकों (टीटीई) द्वारा नियमित टिकट जांच मुख्य रूप से नियमित तौर पर की जाती है। इसके अलावा, समय–समय पर विशेष प्रकार की अन्य जांचों का भी आयोजन किया जाता है जैसे, उड़न दस्तों द्वारा औचक चेक, किलाबंदी जांच, अधिकारियो द्वारा जाँच आदि। बिना टिकट यात्रा को रोकने के उद्देश्य से मंडल द्वारा पूरे मंडल पर नियमित अभियान चलाए जा रहे हैं। बिना टिकट/अनियमित यात्रा करने वाले वाले यात्रियों को दंडित किया जाता है और उन्हें जांच के दौरान उचित टिकट दिए जाते हैं। इसी क्रम में मंडल ने टिकट जांच द्वारा दिसम्बर माह 2022 में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करने वाले 77,770 यात्रियों से कुल रु5,70,46,563/– करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की है। टिकट जांच अभियान एक नहीं बल्कि दो उद्देश्यों को पूरा करता है। जहाँ एक तरफ यह बेटिकट यात्रियों पर अंकुश लगाता है, वहीं ऐसे यात्री जो अनजाने में टिकट नहीं ले पाए या फिर उचित श्रेणी का टिकट नहीं ले पाए, उन्हें उचित टिकट की सुविधा भी प्रदान करता है। टिकट जांच अभियानों के दौरान टिकट जांच के अलावा, बिना बुक किए गए सामान की भी जांच की जाती है और गंदगी फैलाने वालों पर भी जुर्माना किया जाता है एवं यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य भी संपन्न किया जाता है। यात्रियों से आग्रह है कि रेलवे स्टेशन पर अथवा ट्रेन में यात्रा के दौरान किसी भी सुझाव व सहायता के लिए रेलवे की हेल्पलाइन 139 का सैदव उपयोग करें।

# प्रयागराज में नहीं बना आयोग का मुख्यालय तो शहर की पहचान को फिर लगेगा झटका

प्रयागराज ब्यूरो : उच्च शिक्षा निदेशालय को लखनऊ शिफ्ट किए जाने की तैयारियों के बीच शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन की घोषणा कर दी गई है। स्पष्ट संकेत हैं कि शिक्षा सेवा चयन आयोग का मुख्यालय लखनऊ में बनाए जाने की तैयारी है। ऐसे में दो महत्वपूर्ण भर्ती संस्थानों का अस्तित्व समाप्त होने के साथ ही प्रयागराज की पहचान को एक और झटका लगेगा। नए शिक्षा सेवा चयन आयोग के माध्यम से बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग में शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। ऐसे में प्रयागराज स्थित उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड और उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। दोनों ही भर्ती संस्थाएं प्रयागराज की पहचान हैं। प्रतियोगी छात्र चाहते हैं कि शिक्षा सेवा चयन आयोग का मुख्यालय प्रयागराज को बनाया जाए, लेकिन अब इसकी कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। उच्च शिक्षा विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर और प्राचार्यों की भर्ती के लिए रिक्त पदों की गणना करना और भर्ती के लिए पदों का अधियाचन भेजा उच्च शिक्षा निदेशालय की जिम्मेदारी है। निदेशालय को लखनऊ शिफ्ट किए जाने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है और इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि शिक्षा सेवा चयन आयोग का मुख्यालय भी अब लखनऊ को ही बनाया जाएगा। वहीं, प्रतियोगी छात्रों ने प्रयागराज में शिक्षा सेवा चयन आयोग का मुख्यालय बनाए जाने की मांग शुरू कर दी है। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के अध्यक्ष अवनीश पांडेय एवं मीडिया प्रभारी प्रशांत पांडेय, प्रतियोगी छात्र मोर्चा के प्रदेश संयोजक अनिल उपाध्याय एवं अध्यक्ष विक्की खान समेत तमाम संगठनों के छात्र नेताओं ने इसके लिए संघर्ष की घोषणा की है। सब यहीं तो मुख्यालय क्यों नहीं छात्र नेताओं का कहना है कि प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों और उच्च शिक्षा में शिक्षक भर्ती करने वाली सभी संस्थाएं प्रयागराज में ही हैं। ऐसे में मुख्यालय हर हाल में प्रयागराज में ही होना चाहिए। किसी को भी शिक्षा की नगरी प्रयागराज की पहचान से खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी प्रशांत पांडेय की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिक्षा सेवा चयन आयोग का मुख्यालय प्रयागराज में स्थापित करने की मांग की गई है। मुख्यालय नहीं बना तो अर्थव्यवस्था को लगेगा झटका प्रयागराज के सलोरी, बघाड़ा, बेली, अल्लापुर, गोविंदपुर, तेलियरगंज, मम्फोर्डगंज, दारागंज, सोहबतियाबाग, तुलारामबाग, मधवापुर, बैरहना समेत शहर उत्तरी के बड़े हिस्से में तकरीबन पांच लाख प्रतियोगी छात्र रहते हैं और शहर की अर्थव्यवस्था को संतुलित रखने में इनकी बड़ी भागीदारी है। प्रतियोगी छात्र नेताओं का कहना है कि शिक्षा सेवा चयन आयोग का मुख्यालय लखनऊ में




बनाया गया तो बड़ी संख्या में छात्रों का लखनऊ की ओर पलायन शुरू हो जाएगा और इसका सीधा असर शहर की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। किराने की दुकान चलाने वाले, सब्जी का ठेला लगाने वाले, रेस्टारेंट संचालकों, कोचिंग संस्थानों, चाय के दुकानदारों तक का रोजगार इससे प्रभावित होगा। आयोग और छात्रों के बीच नहीं रह जाएगा प्रदेश में सबसे बड़ी संख्या में प्रतियोगी छात्र प्रयागराज में रहते हैं। पूर्वी यूपी के साथ बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित अन्य हिंदी भाषा राज्यों के छात्र यहां रहकर तैयारी करते हैं। चयन बोर्ड हो या उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग अथवा सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय, किसी भी समस्या के निराकरण के लिए छात्र इन भर्ती संस्थाओं में सीधे संपर्क करते हैं। शिक्षा सेवा आयोग का मुख्यालय यहां नहीं बना तो छात्रों और आयोग के बीच कोई संवाद नहीं रह जाएगा और छात्रों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए लखनऊ के चक्कर लगाने पड़ेंगे। ऐसे में प्रयागराज से छात्रों का पलायन तेजी से बढ़ने की आशंका है। चयन बोर्ड को मुख्यालय बनाने की मांग प्रतियोगी छात्र मांग कर रहे हैं कि एलनगंज स्थित माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड को नए शिक्षा सेवा चयन बोर्ड का मुख्यालय बनाया जाए। छात्रों का कहना है कि चयन बोर्ड की अपनी बिल्डिंग है और यह काफी बड़ी है। अध्यक्ष, सदस्यों और कर्मचारियों के बैठने के लिए बिल्डिंग में पर्याप्त जगह है। नए आयोग के गठन के बाद चयन बोर्ड का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। ऐसे में चयन बोर्ड को आसानी से मुख्यालय बनाया जा सकता है और इससे फिजूलखर्ची भी नहीं होगी। शिक्षा आयोग के खिलाफ प्रदर्शन कल नए शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन के खिलाफ छात्र लामबंद हो गए हैं और छह जनवरी को पत्थर गिरजाघर के पास धरना–प्रदर्शन की घोषणा की है। यह निर्णय युवा मंच की बुधवार को छोटा बघाड़ा स्थित एनी बेसेंट स्कूल में हुई आम सभा में लिया गया। धरना–प्रदर्शन के दौरान शिक्षा सेवा आयोग का गठन न करने और उच्च शिक्षा निदेशालय को प्रयागराज में बनाए रखने की मांग को लेकर प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। युवा मंच के संयोजक राजेश सचान और अध्यक्ष अनिल सिंह का कहना है कि प्रदेश में बेरोजगारी की स्थिति भयावह है। शिक्षकों के हजारों पद रिक्त पड़े हैं। अलग–अलग भर्ती संस्थाएं पदों को नहीं भर पा रहीं हैं। ऐसे में एक आयोग बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा में समय से भर्ती कैसे पूरी कर सकेगा।

# सम्पूर्ण वैश्य पिछड़ा वर्ग उत्थान सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित सम्पूर्ण वैश्य सभा का आयोजन

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : आज शास्त्री भवन मे सम्पूर्ण वैश्य पिछड़ा वर्ग उत्थान सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित सम्पूर्ण वैश्य सभा का आयोजन किया गया अयोध्या से आये महाराज जी ने भी अपना




आशीर्वाद दिया कार्यक्रम मे मुख्य रूप से डॉक्टर जे के गुप्ता, विशिष्ट अतिथि श्री गया प्रसाद जयसवाल मंच संचालन श्री बी डी जयसवाल द्वारा किया गया डॉ आशीष गुप्ता कुलपति मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ डी के गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/संगठन मंत्री सागर गुप्ता,प्रदेश अध्यक्ष जिला अध्यक्ष उन्नाव जिला अध्यक्ष बांदा जिला अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा परिषद कुल सचिव वा कानपुर देहात आदि पदाधिकारी एवं 200 समाज के सम्मानित वैश्य समाज के लोग उपस्थित हुए जिन्होंने सभी को एक मंच पर आने का आह्वान किया!

# नववर्ष पर द ब्रिटिश इंग्लिश स्पीकिंग इंस्टिट्यूट के बच्चो ने किए रंगारंग कार्यक्रम

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : आज द ब्रिटिश इंग्लिश स्पीकिंग इंस्टीट्यूट की पी रोड ब्रांच में छात्र छात्राओं ने नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया




जिसमे छात्र छात्राओं ने सिंगिंग डांसिंग मॉडलिंग में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को दिखाया,और उपहार भी जीते आए हुए अतिथियों ने बच्चो का हौसला बढ़ाया व उनके अच्छे भविष्य की कामना की,इसी कड़ी में आए हुए अतिथि डॉ हेमंत मोहन ने बच्चो को पढ़ाई के समय मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी और खूब मन लगाकर पड़ने को कहा, द ब्रिटिश इंग्लिश स्पीकिंग इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर अलीम सर ने नववर्ष की बधाई देते हुए विशिष्ट अतिथि डॉक्टर हेमंत मोहन, डॉक्टर आरती मोहन, अदनान सर डायरेक्टर मैप एजुकेशन, एंकर अमित शर्मा, एंकर आमिर, अचिन अरोड़ा, मनीष शर्मा, सोनम शर्मा डायरेक्टर बूमबास्टिक अकादमी, पूनम, मॉडल ,एक्ट्रेस रितु शर्मा, राखी गुप्ता, दानिश खान, शराफत खान, मॉडल शिवि आदि का दिल खोलकर स्वागत किया एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट व उपहार देके सम्मानित किया।

# वाराणसी जं स्टेशन बना उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल का ईट राइट स्टेशन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। वाराणसी जं स्टेशन बना उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल का ईट राइट स्टेशन । फूड सेफ्टी एवं स्टैंडर्स ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया की ओर से यह प्रमाणपत्र जारी किया गया है ।यह प्रमाणपत्र की वैधता 26, दिसम्बर, 2024 तक होगी। ऑथोरिटी की ओर से सही भोजन बेहतर जीवन योजना प्रारंभ की गयी है। इसके तहत खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले संस्थान जो न्यूनतम मानक पूरे करते हैं। संस्थानों की ओर से इस बाबत किये आवेदन के आधार पर रेलवे चिकित्सा विभाग की ओर से अभिहित अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी, वाराणसी द्वारा जांच कराई जाती है एवं थर्ड पार्टी ऑडिट द्वारा परीक्षण किया जाता है। इसकी रिपोर्ट के आधार पर ईट राइट स्टेशन प्रमाणपत्र फूड सेफ्टी एवं स्टेण्डर्स अथॉरिटी आफ इण्डिया प्रमाणित किया गया।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।